# प्रदर्शनकारी कला विभाग में पी-एच.डी के शोधार्थी एवं जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के संपादक कुमार गौरव मिश्रा की पुस्तक "वैष्णव भक्ति नाट्य परंपरा" का बीकानेर राष्ट्रीय महोत्सव में लोकार्पण




महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के प्रदर्शनकारी कला विभाग में पी-एच.डी के शोधार्थी एवं जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के संपादक कुमार गौरव मिश्रा की पुस्तक 'वैष्णव भक्ति नाट्य परंपरा' का विमोचन 13 मार्च 2016 को बीकानेर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा के पूर्व निदेशक श्री देवेन्द्र राज अंकुर, शशि कपूर जी की सुपुत्री एवं प्रसिद्द रंगकर्मी संजना कपूर, कोलकाता के रंगकर्मी अज़हर आलम, मुंबई यूनिवर्सिटी थियेटर डिपार्टमेंट के निदेशक मंगेश बंसोड, जाने माने पत्रकार और साहित्य अकादमी, दिल्ली से पुरुस्कार प्राप्त श्री मधु आचार्य आशावादी एवं सूर्य प्रकाशन मंदिर, बीकानेर के अध्यक्ष प्रशांत बिस्सा जी के हाथों हुआ.

बीकानेर राष्ट्रीय महोत्सव में देशभर के रंगकर्मी, कलाप्रेमी, साहित्यकार, पत्रकार इत्यादि की मौजूदगी में इस पुस्तक का लोकार्पण हुआ. संगीत नाटक अकादमी पुरस्कृत गुरचरण सिंह चैनी, मालचंद तिवाडी, राजेन्द्र पी. जोशी, सुधेश व्यास, विजय कुमार नायक इत्यादि रंगकर्मी, साहित्यकारों ने पुस्तक के लिए बधाई दी. पुस्तक का प्रकाशन सूर्य प्रकाशन मंदिर बीकानेर द्वारा हुआ है.

पुस्तक के प्रकाशन पर प्रदर्शनकारी कला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा, सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. सतीश पावड़े, साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. के. के. सिंह, हिंदी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राजेन्द्र मिश्र, कुलपति श्री गिरीश्वर मिश्र जी समेत शिक्षकों ने कुमार गौरव को पुस्तक के लिए बधाई दी.

पुस्तक प्राप्त करने हेतू आप 09829280717 पर प्रशांत जी से संपर्क कर सकते हैं.